# राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 08.09.2023

प्रेस–नोट

वरिष्ठ अध्यापक (मा.शि.) प्रतियोगी परीक्षा–2022 (टी.एस.पी. एवं नॉन टी.एस.पी.) के विषय–अंग्रेजी (ग्रुप–बी) परीक्षा दिनांक 23.12.2022 एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा दिनांक 30.07.2023 को आयोजित की गई। उक्त विषय की पात्रता जांच हेतु आयोग द्वारा विचारित सूची आज दिनांक 08.09.2023 को जारी की गई।

उक्त विचारित सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों के विस्तृत आवेदन पत्रों की जांच आयोग द्वारा आयोजित काउंसलिंग के माध्यम से दिनांक 14.09.2023 से प्रातः 09:00 बजे से राजस्थान लोक सेवा आयोग, घूघरा घाटी, अजमेर (राज.) परिसर में आयोजित की जावेगी। पात्रता जांच से संबंधित विस्तृत कार्यक्रम दिनांक 11.09.2023 को जारी किया जायेगा।

काउंसलिंग कार्यक्रम, विस्तृत आवेदन पत्रों के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश, काउंसलिंग पत्र व अन्य प्रपत्रादि आयोग की वेबसाईट http://rpsc.rajasthan.gov.in पर यथाशीघ्र जारी कर दिये जायेंगे।

उपरोक्त दस्तावेज आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड कर, विस्तृत आवेदन पत्र को दो प्रतियों मय स्वप्रमाणित दस्तावेजों की एक प्रति व मूल दस्तावेजों के साथ आयोग द्वारा निर्धारित दिनांक एवं समय पर अभ्यर्थी व्यक्तिशः काउंसलिंग हेतु उपस्थित होवें।

इस हेतु अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पृथक से कोई ऑफलाईन पत्र जारी नहीं किया जायेगा।

**(रामनिवास मेहता)**
**सचिव**